श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४. कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली -११००१६

क्रमांक एफः-4/परीक्षा/2020-21/[illegible] दिनांकः 29.07.2021

परीक्षा विभाग

(परीक्षकों एवं परीक्षार्थियों से सम्बन्धित सूचना)

शैक्षणिक सत्र 2020-2021 के शास्त्री/बी.ए(योग), आचार्य/एम.ए. योग, विशिष्टाचार्य एवं शिक्षाशास्त्री/शिक्षाचार्य एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्रों एवं पुन:परीक्षार्थीयों की सत्रीय परीक्षा कराने हेतु दिशा-निर्देश:-

1. शैक्षणिक सत्र 2020-2021 के शास्त्री एवं बी.ए योग (द्वितीय,चतुर्थ एवं षष्ठ सैमेस्टर) , आचार्य एवं एम.ए योग (द्वितीय एवं चतुर्थ सैमेस्टर), विशिष्टाचार्य (द्वितीय सैमेस्टर), शिक्षाशास्त्री (द्वितीय सैमेस्टर), शिक्षाचार्य (द्वितीय एवं चतुर्थ सैमेस्टर) में अध्ययनरत् छात्रों की सत्रीय परीक्षायें विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार दिनांक 09.08.2021 से प्रारम्भ की जायेगी। परीक्षा की अवधि 03 घण्टे होगी जो प्रात: 10:00 से 01:00 एवं सांय 02:00 से 05:00 बजे तक होगी।
2. अंशकालीन पाठ्यक्रम (द्वितीय एवं चतुर्थ सैमेस्टर) में अध्ययनरत् छात्रों की सत्रीय परीक्षायें विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार दिनांक 28.08.2021 से प्रारम्भ की जायेगी। परीक्षा की अवधि 03 घण्टे होगी जो प्रात: 11:00 सें 2:00 बजे तक होगी। अंशकालीन पाठ्यक्रम की परीक्षाएं शनिवार एवं रविवार को सम्पन्न होंगी।
3. उपर्युक्त पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित परीक्षार्थियों की सूची पूर्ण विवरण सहित विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध की जायेगी। जिससे प्रत्येक परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक तथा विषय एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर उत्तर पुस्तिका हेतु उसका प्रयोग कर सकते है।
4. वेबसाईट पर उपलब्ध सूची अनुसार परीक्षा का दायित्व अध्यापको द्वारा निर्वहन किया जायेगा।
5. परीक्षा विभाग अध्यापकों तथा संगणक विभाग के सहयोग से परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व प्रत्येक छात्र को उपस्थिति पत्र का लिंक व्हाट्सप द्वारा भेजेंगे जिसके द्वारा छात्र परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अपनी परीक्षा में उपस्थिति की जानकारी देगा। तद्पोरांत संगणक विभाग द्वारा प्रत्येक ग्रुप से जुडे हुये परीक्षक तथा परीक्षार्थियों को व्हाट्सप द्वारा सम्बन्धित तिथि का प्रश्न-पत्र उपलब्ध किया जायेगा।
6. परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात परीक्षक अपने ग्रुप के परीक्षार्थियों को अपना मोबाईल नम्बर (व्हाट्सप) प्रदान करायेंगें। **परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों को यह भी सूचना दी जायेगी कि कोई भी परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका व्हाट्सप ग्रुप पर प्रेषित न करें।**
7. परीक्षा समय समाप्ति के पश्चात सम्बन्धित परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त परीक्षक को उनके व्हाट्सप मोबाईल नम्बर पर स्केन (फोटो) कर उसकी पी.डी.एफ फाईल(P.D.F Format) बनाकर 15 मिनट के भीतर प्रेषित करेगें। दिये गये समय के उपरांत भेजी गयी उत्तरपुस्तिकायें स्वीकार्य नहीं होगी।

8. परीक्षक द्वारा अंकसूची तैयार करने का प्रोफार्मा परीक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध किया जायेगा जिससे सभी परीक्षक उसे वेबसाईट से डाउनलोड करने का कष्ट करें।
9. परीक्षक द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की जॉच कर अंकसूची तथा उत्तरपुस्तिकाओं को परीक्षा विभाग के ई-मेल आई.डी- (exam@slbsrsv.ac.in) पर 03 दिन के भीतर प्रेषित करने का कष्ट करें।